जनगणना कार्य निदेशालय, उत्तर प्रदेश
भारत सरकार, गृह मंत्रालय
Directorate of Census Operations, Uttar Pradesh
Government of India, Ministry of Home Affairs

(विविध प्रशासन अनुभाग)

पत्रांकः वि0प्र0/डीसीओ–यूपी/ए–1070 दिनांक 15.06.2015

–::विज्ञप्ति::–

जनगणना कार्य निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा 12 पंचवर्षीय योजना के अन्तर्गत 2 जनपदों क्रमशः गाजियाबाद एवं गौतमबुद्धनगर में मातृभाषा सर्वेक्षण के लिए वीडियोग्राफी कराया जाना है। उपरोक्त कार्य हेतु मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक निविदादाता अपनी निविदा दिनांक 29.06.2015 को सांय 3:00 बजे तक जनगणना कार्य निदेशालय, उ0प्र0, जनगणना भवन, प्लाट सं. सी.सी.–1, सेक्टर–जी, अलीगंज, लखनऊ–226024 में रजिस्टर्ड पोस्ट/स्पीड पोस्ट/कोरियर के माध्यम से भेज सकते हैं। प्राप्त निविदाएं दिनांक 29.06.2015 को सांय 4:00 बजे क्रय समिति द्वारा उपस्थित प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा फार्म जनगणना कार्य निदेशालय, जनगणना भवन, प्लाट सं. सी.सी.–1, सेक्टर–जी, अलीगंज, लखनऊ से निविदा शुल्क रू0 100/ (रू0 सौ) मात्र नकद अथवा रेखांकित बैंक ड्राफ्ट (आहरण एवं वितरण अधिकारी, जनगणना कार्य निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ के पक्ष में देय) जमा करके दिनांक 26.06.2015 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10:00 बजे से 1:00 बजे एवं 1:30 बजे से सांय 5:00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है। निविदा शुल्क किसी भी दशा में वापस नहीं किया जायेगा। निविदा फार्म वेबसाइट संख्या www.censusindia.gov.in(Tenders) से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

संयुक्त निदेशक
दूरभाष संख्या 0522–2322913
फैक्स नं0 0522–2322911

भारत की जनगणना CENSUS OF INDIA 2011
जनगणना भवन, प्लाट नं० सी.सी.-1, सेक्टर-जी, अलीगंज, लखनऊ-226 024
Jangarna Bhawan, Plot No. C.C.-1, Sector-G, Aliganj, Lucknow-226 024
Phone : 0522-2331211 **Fax :** 0522- 2322911 **E-mail**:dco-utp.rgi@censusindia.gov.in

जनगणना कार्य निदेशालय, उत्तर प्रदेश
भारत सरकार, गृह मंत्रालय
Directorate of Census Operations, Uttar Pradesh
Government of India, Ministry of Home Affairs
(विविध प्रशासन अनुभाग)

पत्रांकः वि0प्र0/डीसीओ–यूपी/ए–1069 दिनांक 15.06.2015

–::निविदा सूचना::–

जनगणना कार्य निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ के अन्तर्गत निम्नलिखित जनपदों में मातृभाषा से संबंधित सर्वेक्षण कार्य शीघ्र प्रारम्भ किया जाना हैः–

1	जनपद गाजियाबाद (शहरी)	मलहम मातृभाषा
2	जनपद गौतमबुद्धनगर (शहरी)	मलयानी मातृभाषा

उक्त कार्य की वीडियोग्राफी भी की जानी है। उपरोक्त जनपदों में मातृभाषा सर्वेक्षण की वीडियोग्राफी करने के इच्छुक निविदादाता अपनी निविदा विलम्बतम दिनांक 29.06.2015 सांय 3:00 बजे तक संलग्न प्रारूप पर जनगणना कार्य निदेशालय, उत्तर प्रदेश ''जनगणना भवन, प्लाट सं.–सी.सी.–1, सेक्टर–जी, अलीगंज, लखनऊ–226024'' में रजिस्टर्ड पोस्ट/स्पीड पोस्ट/कोरियर के माध्यम से प्रेषित कर सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के उपरान्त प्राप्त होने वाली निविदायें स्वीकार्य नहीं होंगी। निविदा के नियम व शर्तें निम्नवत् लागू होंगीः–

1 निविदा के साथ किसी भी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक द्वारा जारी बैंकर्स चेक/डिमाण्ड ड्राफ्ट/पे–आर्डर/बैंक गारण्टी रू0 10,000/ (रू0 दस हजार) मात्र जो ''आहरण एवं वितरण अधिकारी, जनगणना कार्य निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ'' के पक्ष में देय हो, संलग्न करना अनिवार्य है।

2 प्रथम न्यूनतम दर वाली फर्म की ई0एम0डी0 कार्य पूर्ण होने तक जमा रहेगी तथा अन्य फर्मों की ई0एम0डी0 न्यूनतम दर वाली फर्म को कार्यादेश जारी होने की तिथि तक जमा रहेगी।

3 निविदा में दी गयी दरें एक वर्ष की लिए मान्य होंगी।

4(I) दोनों जनपदों में मातृभाषा के चार सेट डी0वी0डी0 पर बनाने होंगें।

(II) मातृभाषा के प्रत्येक सैम्पल की कापी डी0वी0डी0 पर बनानी होंगी, जिसमें एक ओरिजनल एवं 3 कॉपी होंगी।

(III) गुणवत्तापूर्वक वीडियोग्राफी के उपरान्त समस्त डी0वी0डी0 (ओरिजनल सहित) कार्य समाप्ति के एक सप्ताह के अन्दर कार्यालय को उपलब्ध कराना होगा।

(IV) मातृभाषा में प्रत्येक सैम्पल की डी0वी0डी0 पर स्पष्ट रूप से डी0वी0डी0 का क्रमांक राज्य/जिला/तहसील के साथ–साथ मातृभाषा का नाम दर्ज करना होगा। इसके अतिरिक्त उत्तरदाता का नाम एवं प्रकार (आयु, लिंग), तिथि आदि भी अंकित/दर्ज करना होगा।

क्रमशः..2..

जनगणना भवन, प्लाट नं० सी.सी.-1, सेक्टर-जी, अलीगंज, लखनऊ-226 024
Jangarna Bhawan, Plot No. C.C.-1, Sector-G, Aliganj, Lucknow-226 024
Phone : 0522-2331211 **Fax :** 0522- 2322911 **E-mail**:dco-utp.rgi@censusindia.gov.in

5 उपरोक्त कार्य निम्नलिखित उपकरणों के द्वारा ही किया जायेगाः–

(I) हाई डेफिनिशन वीडियो कैमरा मॉडल सोनी जैड–7, एचडीवी/सोनी–170 पीडी/पैनासोनिक एमडी–9000, स्टैण्ड सहित

(II) कॉलर माईक सेनेजर ईडब्लू 112

(III) जूम एच–4 आडियो रिकार्डर।

6 प्रत्येक सैम्पल यूनिट में 5–6 कार्यदिवस रिकार्डिंग की जायेगी।

7 दरें प्रतिदिन प्रति सेट (जिसमें डी0वी0डी0 की दरें भी सम्मिलित होंगी) के आधार पर देनी होंगी तथा वीडियोग्राफी हेतु निर्धारित जनपदों/चयनित स्थान तक आने–जाने व खाने तथा रहने का खर्च सम्बन्धित फर्म को ही वहन करना होगा। चयनित स्थान की सूचना कार्यालय द्वारा वीडियोग्राफी से पूर्व ससमय उपलब्ध करा दी जायेगी।

8 प्रत्येक वीडियोग्राफर के साथ एक सहायक का रहना भी अनिवार्य है

9 निविदा के साथ नवीनतम वाणिज्य कर, वैट अदायगी प्रमाण–पत्र की स्व सत्यापित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

10 फर्म का टिन नं. एवं पैन कार्ड की फोटोकॉपी संलग्न करनी होगी।

11 निविदादाता को जनगणना कार्य निदेशालय/केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/अर्द्धसरकारी संस्था आदि द्वारा काली सूची में न होने का स्व प्रमाणित प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा।

12 न्यूनमत दर वाली फर्म को कार्यादेश जारी होने की तिथि से तीन माह के अन्दर कार्य पूर्ण करना होगा।

13 निविदा दिनांक 29.06.2015 को सांय 4:00 बजे निविदादाता अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष इस निदेशालय की क्रय समिति द्वारा खोली जायेगी।

14 निविदा को मान्य/अमान्य अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी जनगणना कार्य निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ के पास सुरक्षित होगा तथा निविदा से सम्बन्धित किसी भी प्रकार के वाद–विवाद में सक्षम अधिकारी, जनगणना कार्य निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ का निर्णय अंतिम होगा, जो निविदाताओं को मान्य होगा।

(दशरथ सिंह) 15/6/2015
उप निदेशक

निविदा फार्म

जनगणना कार्य निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ, भारत सरकार, गृह मंत्रालय, जनगणना भवन, प्लाट संख्या सी.सी.–1, सेक्टर–जी, अलीगंज, लखनऊ द्वारा जारी निविदा संख्या वि0प्र0/डीसीओ–यूपी/ए– 1069 दिनांक 15-08-2015 में निर्धारित नियम शर्तों से मैं सहमत हूँ तथा सहमत होने पर ही मातृभाषा से सम्बन्धित सर्वेक्षण कार्य की वीडियोग्राफी हेतु डी0वी0डी0 सहित दरें निम्नवत प्रस्तुत कर रहा हूँ:–

प्रतिदिन एवं प्रतिसेट की डी0वी0डी0 सहित दर रू0–

15/8/15

हस्ताक्षर.....

नाम.....

फर्म का नाम व पता.....

मुहर